NEWS CLIPPING:31.08.2022

PUNJAB KESARI

सावधान! विश्वविद्यालय में दाखिला के लिए सक्रिय हुए ठग

जालसाज मैसेज भेज कर रहे हैं दाखिला दिलवाने की बात

- कोर्सों में दाखिले मेरिट के आधार पर होते हैं

फरीदाबाद, धर्मेन्द्र यादव (पंजाब केसरी): देशभर में दाखिले की दौड़ जारी है। दाखिले के इस मौसम में ठग भी ठगी करने की फिराक में रहते हैं। ऐसे ठग विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में दाखिला दिलाने की एवज में लाखों रूपए की ठगी कर लेते हैं। ऐसे में दाखिले के लिए जद्दोजहद कर रहे छात्रों को इस तरह के जालसाजों से बच कर रहने की जरूरत है। जालसाज रूपए लेने के बाद फर्जी कागजात तैयार कर छात्र को दे देते हैं। जिससे छात्र व अभिभावकों को भी लगता है की किसी प्रतिष्ठ यूनिवर्सिटी में दाखिला मिल गया है। लेकिन जैसे-जैसे शैक्षणिक सत्र शुरु होता है। वैसे ही लोगों को उनके साथ हुई ठगी का अहसास होता है। जिससे लोगों को लाखों रूपए की चपत लग जाती है। ठगो से संपर्क करने पर फोन नंबर बंद आता है। ठगी करने के बाद ऐसे ठग अंडरग्राउंड हो जाते हैं। तथा फिर अगले वर्ष अपनी सक्रियता बढ़ा लेते हैं। इस तरह की ठगी को शिक्षा माफियाओं की सहायता से अंजाम दिया जाता है। फरीदाबाद में भी इसी तरह का गिरहो लोगों को अपना निशाना बनाने के लिए पूरी जद्दोजहद कर रहा है। ठगी की ऐसी ही कोशिशें फरीदाबाद में भी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में सफल प्रवेश का दावा करते हुए ठगों ने ईमेल, फोन, फेसबुक, व्हाट्सएप, टेलीग्राम आदि माध्यमों से छात्रों व अभिभावकों से संपर्क कर यूनिवर्सिटी में दाखिला दिलवाने की बात कह कर ठगी के प्रयास किए हैं। जेसी बोस विश्वविद्यालय के संज्ञान में यह बात आने पर विश्वविद्यालय ने नोटिस जारी करते हुए धोखेबाजो से सावधान रहने की अपील की है। छात्र बरते सावधानियां: यदि इसी तरह से कोई व्यकि संपर्क कर दाखिले की बात कहता है, तो समझ जाए वो ठग ही है। चूंकि अब विभिन्न कोर्सो में दाखिले मेरिट के आधार पर होते हैं। जिनके लिए जेईई व नीट जैसी प्रवेश परीक्षाएं देनी पड़ती हैं। जिससे दाखिला पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से होता है। विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट रोजाना देखें। जिससे दाखिला से संबंधित जानकारी मिलती रहे। हर संस्थान में हेल्प डेस्क स्थापित होती है। उससे पुष्टि करें।

पंजाब केसरी
Wed, 31 August 2022
mpaper.punjabkesari.com/c/69935440

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

NEWS CLIPPING:31.08.2022

AMAR UJALA

जेसी बोस विवि में दाखिला दिलाने के लिए सक्रिय हुए ठग

फरीदाबाद। जेसी बोस विश्वविद्यालय (विवि) में दाखिला दिलाने के नाम पर ठगी के मामले सामने आने लगे हैं। ठग छात्रों से ठगी कर उन्हें दाखिला की गारंटी तक दे रहे हैं। हालांकि इन मामलों पर विवि प्रबंधन ने समय से संज्ञान लिया है। इसके लिए आवेदक छात्रों को अलर्ट जारी किया गया है। दरअसल, विवि में दाखिले के इच्छुक छात्रों को अलग-अलग माध्यम से जालसाज संपर्क करने में जुटे हैं।

इसके लिए वह उनके सोशल मीडिया अकाउंट से लेकर ई-मेल आईडी और फोन नंबर पर भी संपर्क कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार छात्रों को यह तक कहा जा रहा है कि वह किसी भी प्रकार की मेरिट में आए बगैर दाखिला सुनिश्चित करेंगे। हालांकि विवि प्रबंधन ने इसे सिरे से नकारा है। प्रबंधन का दावा है कि ऐसे किसी भी प्रकार के दावे का सफल प्रयास अभी सामने नहीं आया है। संवाद

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING:31.08.2022

AMAR UJALA

जेसी बोस विवि में आज से शुरू हुई दाखिलों की दौड़

फरीदाबाद। जेसी बोस विश्वविद्यालय (विवि) में दाखिले के लिए बुधवार यानी आज से दौड़ शुरू हो रही है। ऐसे में ऑनलाइन दाखिला आवेदन फॉर्म में दी गई जानकारी के आधार पर मेरिट में जगह बनाने वाले छात्रों को विवि परिसर में पहुंचना होगा। यहां दस्तावेज के भौतिक सत्यापन के बाद दाखिला सुनिश्चित होगा। सत्यापन पर खरे छात्र ही दाखिला ले सकेंगे। पहले दिन बुधवार को बीएससी की दाखिले के लिए काउंसलिंग होगी। मेरिट में जगह बनाने वाले छात्रों को दो वर्गों में विभाजित किया गया है। इसमें पहले 75 विद्यार्थी सुबह की काउंसलिंग में हिस्सा ले सकेंगे। शेष 75 विद्यार्थी दोपहर की काउंसलिंग में हिस्सा ले सकेंगे। संवाद